मुज़फ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र में खुलेगा उत्तर बिहार का सबसे बड़ा कौशल प्रशिक्षण केंद्र

चर्चा में क्यों?

30 अक्तूबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार मुज़फ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र में उत्तर बिहार का सबसे बड़ा कौशल प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा, जिसका काम अंतिम चरण में है।

प्रमुख बिंदु

- कौशल प्रशिक्षण केंद्र में युवाओं को कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स व हार्डवेयर, फूड प्रोसेसिंग, फर्नीचर व फिटिंग, हैंडीक्रॉफ्ट, जेम्स व ज्वेलरी, लेदर टेक्नोलॉजी, बैग निर्माण सहित 40 क्षेत्रों की ट्रेनिंग मिलेगी। एक साथ एक छत के नीचे एक हज़ार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।
- यह केंद्र उत्तर बिहार सहित अन्य राज्यों के युवाओं को रोज़गार के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर उन्हें निपुणता प्रमाणपत्र जारी करेगा।
- बेला औद्योगिक क्षेत्र फेज एक में दिसंबर से फैंसी गारमेंट का उत्पादन शुरू हो जाएगा। दिल्ली की एक गारमेंट कंपनी ने यहाँ फैक्ट्री स्थापित की है, जो दिसंबर से उत्पादन शुरू करेगी। इससे करीब एक हज़ार से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर मिल सकेंगे।
- विदित हो कि देश के बेरोज़गार युवाओं को कौशल का प्रशिक्षण देने हेतु वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की शुरुआत हुई थी। 2015 से 2016 तक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के सफल संचालन के बाद 2016 में योजना का पार्ट-टू शुरू किया गया, जो 2020 तक चला। 2020 में इस योजना का पार्ट-थ्री शुरू किया गया। पार्ट-थ्री में करीब आठ लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/north-bihar-s-largest-skill-training-center-will-open-in-bela-industrial-area-of-muzaffarpur-